# एम. टी. एन. एल. एम्पलाईज कोऑपरेटिव थ्रिफ्ट एंड
# क्रैडिट सोसायटी लिमिटेड
## कमरा नंबर 101, ईस्टर्न कोर्ट, जनपथ, नई दिल्ली - 110001.

साथियों,

सोसायटी की प्रबंधन समिति की ओर से में इस आम सभा की बैठक में आपका सहर्ष स्वागत करता हूँ। वैधानिक जिम्मेदारी के अनुसार, प्रबंधन समिति की ओर से में, पिछले वर्ष की गतिविधियों पर आपकी जानकारी और विचार विमर्श के लिए रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहा हूँ।

सोसायटी की उपलब्धियों का मूल्यांकन ''प्रगति एवं दृष्टि में'' (Progress at a Glance) और ''कार्यपालन की विशेषताएं'' (Performance Highlight) शीर्षो से किया जा सकता है।

31 मार्च, 2023 को शेयर पूंजी 7,73,17,500/- रुपये थी जो कि 31 मार्च, 2024 को 7,37,14,000/- रुपये हो गई है।

अनिवार्य जमा राशि 2023 तक समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में 19,71,26,507/- रुपये थी जो कि 31 मार्च, 2024 को 19,27,87,244/- रुपये हो गई है।

सदस्यों को ऋण 31 मार्च, 2023 तक 28,71,75,200/- रुपये दिया गया था। अब ऋण दिनांक 31 मार्च, 2024 तक 31,80,99,700/- रुपये दिया गया है।

शेयर पूंजी पर लाभांश (डिविडेंड) 2023-2024 को वर्ष के लिए 11% की दर पर 79,39,052/- रुपये दिवाली के पर्व से पहले बांट दिये जायेंगे।

वर्ष 2023-2024 का अनिवार्य जमा (Compulsory Deposit) पर प्याज 8 प्रतिशत दर पर रुपये 1,53,71,437/- सदस्यों को लाभांश के साथ ही ख्रुतान कर दिया जाएगा।

जैसे की कार्यसमिति ने पहले ही निर्णय लिया हुआ है कि भविष्य में अगर कोई सदस्य अनिवार्य जमा राशि या बीमा राशि का ख्रुतान एक वर्ष के भीतर नहीं करता तो उसकी सदस्यता समाप्त कर दी जाएगी।

सोसायटी बीमा कंपनी को वार्षिक / त्रैमासिक दर पर बीमा जमा कराती है, अगर कोई सदस्य वार्षिक बीमा जमा कराना चाहता है तो उसे अग्रिम वार्षिक बीमा सोसाइटी में जमा करा सकता है।

सदस्यों से निवेदन है कि वे सोसाइटी के कार्यालय से अपनी पासबुक लेकर अपने खाते की जांच कर लें। अगर कोई गलती है तो सोसाइटी कार्यालय में दिनांक 03.10.2024 तक सुधार करा ले।

सभी सदस्यों को मैं धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने हम पर विश्वास किया और समय-समय पर हमें सहयोग भी दिया। मैं ऑडिटर महोदय को धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने अपना पूरा सहयोग देकर समय पर सोसायटी के ऑडिट का काम पूरा किया। कोऑपरेटिव विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को मैं विशेष रूप से धन्यवाद देता हूँ जिन्होंने हमें

सहयोग और समय-समय पर परामर्श भी दिया। सोसायटी के काम के संचालन में सोसायटी के कर्मचारियों ने जो परिश्रम किया है, वे भी सराहना के पात्र हैं। मैं आशा करता हूँ कि वे अपनी इस प्रवृति को बनाये रखेंगे और भविष्य में भी सोसायटी के हित में पूरी मेहनत और ईमानदारी से काम करते रहेंगे।

जय हिन्द।

दिनांक 10/10/2024

(अशवनी कुमार थापर)

सचिव

ऑफिस : 23325429

(मो. 9868822248)

## ।। नोट ।।

1. सदस्यों से निवेदन है कि बैठक में प्रवेश पाने के लिए अपना सोसायटी या कार्यालय का परिचय पत्र अवश्य साथ लाएं।
2. डी.सी.पी. दिल्ली के आदेश के अनुसार सदस्य गणों से अनुरोध है कि वह अपने साथ हैंडबैग, ब्रीफकेस, टिफिन, खाद्य पदार्थ तथा किसी प्रकार का शस्त्र लेकर सभा हॉल में प्रवेश ना करें।
3. यदि किसी सदस्य को कोई प्रस्ताव या सुझााव सभा में पेश करना हो तो वह उसकी नकल दिनांक 03-10-2024 तक सोसाइटी में भेज दें, अन्यथा मंच पर बोलने की अनुमति नहीं होगी।
4. जिन सदस्यों ने अपना निवास स्थान टेलीफोन नंबर बदल लिया है, उसकी सूचना सोसाइटी को अवश्य दें, अन्यथा पत्रिका न पहुंचने की शिकायत नहीं मानी जाएगी।
5. कृपया इस रिपोर्ट को भी अपने साथ लाएं।
6. **सभी सदस्यों से अनुरोध है कि वे सोसायटी कार्यालय में अपने नामांकित व्यक्ति (Nominee) का नाम नवीनतम रूप से जांच/अपडेट करा लें।**
7. सोसायटी की सदस्यता खुली हुई है। जो आपके सहकर्मी सोसाइटी के सदस्य नहीं है कृपया उन्हें सोसाइटी का सदस्य बनाने के लिए प्रेरित करें।
8. **सोसायटी की ओर से केवल जल - पान का प्रबन्ध किया गया है।**